# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

दिनांक – 01.08.2026

# प्रेस विज्ञप्ति – संशोधित
## (छात्र एवं छात्राओं को सूचनार्थ)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित सभी स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों (बी0पी0ई0एस0, एम0पी0ई0एस0, बी0एससी0 फिजिक्ल एजुकेशन एण्ड स्पोट्र्स, बी0ए0एलएल0बी0, बी0कॉम0एलएल0बी0 एवं एल0एल0बी0 तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों को छोड़कर) एवं स्नातक एवं परास्नातक स्तर के सभी सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2026–27 की प्रथम वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) के प्रवेश दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक किये जाऐंगे।

उक्त के क्रम में छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि –

1. जिन अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर विभागों में स्नातक, परास्नातक एवं स्नातक तथा परास्नातक स्तर के सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पंजीकरण कराया है। वे अभ्यर्थी दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक अपने समर्थ login ID एवं Pasword से login करके अवश्य देख लें कि उनके डेशबोर्ड (Dashboard) पर प्रवेश शुल्क जमा करने हेतु लिंक उपलब्ध हो गया है या नहीं। जिन अभ्यर्थियों को लिंक उपलब्ध हो गया है (अगर वे उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक है) तो दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक सम्बंधित परिसर विभाग में अपने शैसिक प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बंधि प्रमाण पत्र आदि के साथ प्रवेश हेतू सम्पर्क अवश्य कर लें।
2. जिन अभ्यर्थियों ने केवल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित उक्त स्नातक, परास्नातक एवं स्नातक तथा परास्नातक स्तर के सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पंजीकरण कराया है उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अभर्थी दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक अपनी समर्थ login ID एवं Pasword से login करके अवश्य देख लें कि उनके डेशबोर्ड (Dashboard) पर किन महाविद्यालयों/संस्थानों का Admssion Offer प्राप्त हुआ है। उनमें से जिस महाविद्यालय में अभ्यर्थी प्रवेश हेतु इच्छुक है उस महाविद्यालय का Admssion Offer accept करके सम्बंधित महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु अपने पंजीकरण फार्म के साथ अपने शैक्षिक प्रमाण, आरक्षण समबन्धी प्रमाण, मूल निवास आदि समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करते हुए मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेश हेतु सम्पर्क करेंगें। यहाँ यह भी सूचित किया जाता है कि महाविद्यालयों का Admssion Offer accept करने के लिए अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रड ई–मेल पर O.T.P. जाऐगा। उसी O.T.P. से अभ्यर्थियों को Offer letter acceptance को validate करना होगा।
3. जिन अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित उक्त पाठ्यक्रमों में पंजीकरण कराया है। वे अभ्यर्थी अपनी समर्थ login ID एवं Pasword से login करके अपने डेशबोर्ड (Dashboard) पर उपलब्ध Admssion Offer (महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु) एवं Admssion fee link (विश्वविद्यालय परिसर विभागों में प्रवेश हेतु) का अवलोकन करके सुनिश्चित कर लें कि उनको कोनसा Offer accept करना है। अगर अभ्यर्थी को महाविद्यालयों में प्रवेश लेना है तो उस महाविद्यालय का Admssion Offer accept करके अपने पंजीकरण फार्म एवं सभी आवश्यक शैक्षणिक अभिलेखों के साथ उक्त महाविद्यालय में दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक प्रवेश हेतु अवश्य सम्पर्क कर लें। जिन अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर विभाग का Admssion Offer accept करना है तो वे अभ्यर्थी दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 14.08.2026 तक सम्बंधित परिसर विभाग में अपने शैसिक प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बंधि प्रमाण पत्र आदि के साथ प्रवेश हेतू सम्पर्क अवश्य कर लें।

01/8/26

प्रवेश समन्वयक